**Regarding power situation in Rajasthan-Laid**

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** भारत सरकार द्वारा Revamped Distribution Sector Scheme योजना के तहत देश के विद्युत ढाँचे को सुदृढ़ किये जाने हेतु घोषणा की थी । मेरे लोकसभा क्षेत्र चूरु के लिए सरकार द्वारा 285 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया था, ताकि क्षेत्र के मूलभूत ढांचे को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकें । GSS व लाइन चेंज आदि के कार्य शुरू भी किये गए लेकिन अभी तक उक्त सभी कार्य अधर में पड़े हैं । राजस्थान में इस समय विद्युत आपूर्ति का हाल अत्यंत ही बुरा हैं । 12 से 15 घंटे तक की अघोषित कटौती की जा रही हैं । राजस्थान का विद्युत ढांचा इतना कमजोर हो चुका है कि आमजन को बिजली उपलब्ध करवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं । इस समय राजस्थान के परिपेक्ष्य में RDSS योजना के तहत 33 KV GSS से अधिक क्षमता के GSS लगाये जाने की अत्यंत महत्ती आवश्यकता हैं । साथ ही घरेलू व कृषि फीडर को भी अलग अलग किया जाना अत्यंत आवश्यक हैं । लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं जिसके कारण क्षेत्र का आमजन परेशान हो रहा हैं ।